प्रेसनोट जनपद आगरा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा यातायात माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा आयोजित ड्राईवर ट्रेनिंग/जागरूकता अभियान कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया...

आज दिनांक 22.11.2020 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा यातायात माह नवम्बर के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम ड्राइवर ट्रेनिंग/जागरूकता अभियान का रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस, पब्लिक व स्कूल चालकों को रोड साइन, वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियां, दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट, दुर्घटना में घायल हो जाने के उपरान्त सर्वप्रथम आवश्यक रूप से दिया जाने वाला प्राथमिक उपचार, कोविड–19 से बचाव हेतु मास्क लगाने एवं समय–समय सैनिटाईज करने आदि के सम्बन्ध में बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक यातायात व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा एवं पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा है0का0 प्रोन्नत से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने वाले यातायात है0का0 प्रोन्नत जयपाल सिंह यादव के कन्धे पर स्टार लगाकर उनको उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर बधाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

ड्राईवर ट्रेनिंग/जागरूकता अभियान

UTTAR PRADESH POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

Date 22-11-2020

यातायात माह नवम्बर 2020
के अन्तर्गत
यातायात पुलिस, आगरा
द्वारा आयोजित
ड्राईवर ट्रेनिंग/जागरूकता अभियान
22 नवम्बर 2020
स्थानः बहु-उद्देश्य हॉल, पुलिस लाइन, आगरा
''सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा''
कोविड-19 से बचाव हेतु मास्क लगाना एवं समय समय पर सैनिटाईज करना अनिवार्य है।
सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें

यातायात पुलिस, आगरा
ड्राईवर ट्रेनिंग/जागरूकता अभियान
यातायात माह नवम्बर

मीडिया सेल जनपद आगरा।